**Amar Ujala, Delhi, October 26, 2009**

# नई राह दिखाएगी टीसीएस आईटी विज

## हौज खास स्थित आईआईटी में 31 को आयोजित होगी क्विज

**क्विज में भाग लेने के लिए स्कूल 28 अक्तूबर तक कर सकते हैं आवेदन**

**एक स्कूल से आठ टीम तक ले सकती हैं भाग एक टीम में दो सदस्य होंगे**

नई दिल्ली। टाटा कसंल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) ने स्कूलों के लिए भारत की सबसे बड़ी टेक्नोलॉजी क्विज 'टीसीएस आईटी विज 2009' की घोषणा कर दी है। यह क्विज 31 अक्तूबर को राजधानी के हौज खास स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) के डोगरा हाल में आयोजित की जाएगी। यह क्विज चेन्नई, हैदराबाद, कोयंबटूर, लखनऊ, मुंबई, अहमदाबाद और पुणे में भी होगी। इस देश व्यापी आयोजन में इस साल 20 हजार से अधिक छात्रों के जुटने की संभावना है।

टीसीएस आईटी विज का उद्देश्य छात्रों के बीच आईटी को लेकर जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आईटी की दुनिया में आने वाले नवीनतम बदलावों से परिचित कराना है क्योंकि आज के समाज और अर्थव्यवस्था में सूचना प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आईटी विज 2009 के विजेताओं को लैपटॉप दिए जाएंगे जबकि उपविजेताओं को कैमरे और डिजिटल फोटो फ्रेम से पुरस्कृत किया जाएगा। फाइनल में जगह बनाने वाले छह प्रतिभागियों को टीसीएस की ओर से बैक पैक, घड़ियां और एमपीथ्री सरीखे उपहार दिए जाएंगे। टीसीएस के उपाध्यक्ष देबाशीष ने कहा कि आईटी कंपनी होने के नाते टीसीएस का कर्त्तव्य शिक्षा के दायरे में विस्तार करना और छात्रों के मन में आईटी के प्रति ललक पैदा करना है।

साथ ही उन्हें यह बताना भी जरूरी है कि यह क्षेत्र उनके लिए कितनी संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। आईटी विज 8वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए खुली है और इसमें कोई प्रवेश शुल्कनहीं है। क्विज में भाग लेने के लिए स्कूल 28 अक्तूबर तक संसद मार्ग स्थित टीसीएस कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। एक स्कूल से ज्यादा से ज्यादा आठ टीमें भाग ले सकती हैं।